आकाशवाणी श्री विजयपुरम

16.10.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दे दी है।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अडडे के प्रवेश गेट से लेकर टर्मिनल भवन तक यात्रियों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ट सेवा आरंभ की गई है।
- सांसद आपके द्वार पहल के तहत सांसद बिष्णु पद रे मध्योत्तर अंडमान के दौरे पर है।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने आज नगरपालिका क्षेत्र में रेहड़ी–पटरी वालों के विरूद्ध अतिकमण हटाओ अभियान चलाया।
- समाज कल्याण विभाग की ओर से नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर ड्राइवरों और मजदूरों के लिए जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दे दी है। यह वृद्धि एक जुलाई से प्रभावी होगी, जो मूल वेतन व पेंशन के पचास प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाती है, ताकि बढ़ती महंगाई से राहत प्रदान की जा सके। यह वृद्धि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप की गई है। डीए और डीआर दोनों में धनराशि भुगतान से राजकोष पर प्रति वर्ष नौ हजार चार सौ अड़तालीस दशमलव तीन पांच करोड़ रुपये का प्रभाव पड़ेगा। इससे केन्द्र सरकार के लगभग उनचास दशमलव एक आठ लाख कर्मचारियों और चौंसठ दशमलव आठ नौ लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा।

<><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अडडे के प्रवेश गेट से लेकर टर्मिनल भवन तक यात्रियों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ट सेवा आरंभ की गई है। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्द्र यादव और नागरिक उड्डयन निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल ने आज गोल्फ कार्ट सेवा का उद्घाटन किया। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में हवाई अड्डा निदेशक देवेन्द्र यादव ने कहा कि इस पहल से हवाई अड्डा परिसर में यात्रियों की आवाजाही में सुधार आएगा।

इससे पहले हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए और भी कई सेवाएं शुरू की गई है। हवाई अड्डे के नियमों के अनुसार ऑटो रिक्शा को परिसर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं है, जिसके कारण यात्रियों को टर्मिनल भवन तक पैदल यात्रा करना पड़ता है। गोल्फ कार्ट सेवा के आरंभ हो जाने से यात्री अब प्रवेश गेट तक आसानी से अपने सामानों के साथ पहुंच सकते हैं। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण यात्री सुविधा के निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की सुविधा के लिए हवाई अड्डे पर प्री–पेड टैक्सी सेवा, सिटी बस सेवा और स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों की बिकी के लिए अवसर काउंटर मौजूद है। यह सेवा निशुल्क है और इस सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को यात्रा टिकट या बोर्डिंग पास दिखाना होगा।

<><><><><><>

सांसद आपके द्वार पहल के तहत सांसद बिष्णु पद रे मध्योत्तर अंडमान के दौरे पर है। इस दौरान उन्होंने बाराटांग, उत्तरा, कदमतला, रंगत, बिल्लीग्राउंड, टुगापुर और मायाबंदर का दौरा कर आम जनता से मुलाकात की। लोगों ने उनके समक्ष कई मुद्दों को उठाया, जिसमें सड़क की खस्ता हालत, उवर्रकों की मांग, बिजली, राजस्व मामले शामिल हैं। अपने दौरे के अंतिम चरण में आज उन्होंने कालीघाट और डिगलीपुर क्षेत्र के पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से मुलाकात की। बातचीत के दौरान सदस्यों ने सर्वसम्मति से कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने और उवर्रकों की आपूर्ति की मांग उठाई।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने आज नगरपालिका क्षेत्र में रेहड़ी–पटरी वालों के विरूद्ध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। परिषद की ओर से सड़क किनारे और फुटपाथ पर अतिक्रमण को रोकने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत कार्वाइंस कोव सड़क से कार्वाइंस कोव जंक्शन तक रेहड़ी–पटरों वालों को खाली कराया गया, जिनके पास वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे। इनके पास से ज़ब्त किए गए सामग्रियों को बुक्शाबाद स्थित ड्राई रिसोर्स सेन्टर में दे दिया गया। परिषद की ओर से सभी रेहड़ी–पटरी वालों को वैध दस्तावेजों के बिना दुकान न लगाने की चेतावनी दी गई है। उल्लंघन करने पर उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि दुनियाभर के कुल डिजीटल लेनदेन का छियालीस प्रतिशत हिस्सा भारत में होता है। आज नई दिल्ली में भारत मण्डपम में अंतर्राष्ट्रीय सिक्स–जी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि इस वर्ष अगस्त में दो अरब पचहत्तर करोड़ डॉलर के लेनदेन में से करीब डेढ़ अरब यूपीआई के माध्यम से हुए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। संचार मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत सिक्स–जी प्रौद्योगिकी में विश्व का अग्रणी देश होगा। श्री सिंधिया ने कहा कि डिजिटल इंडिया सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल सिद्धांत पर आधारित है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर ड्राइवरों और मजदूरों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत मिनी कार्गो ऑटो एसोसिएशन के ड्राइवरों और मजदूरों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह परिवारों, समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित करती है। इस अवसर पर परियोजना समन्वयक प्रियदर्शन राज ने नशामुक्त भारत के उद्देश्य को प्राप्त करने में पारिवारिक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के सहायक आयुक्त एस. कमलेश्वर राव ने राष्ट्रीय राजमार्ग ढांचागत विकास निगम लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को डिगलीपुर और मायाबंदर को जोड़ने वाली बम्बू टिकरी के पास पुल का तत्काल मरम्मत करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिया के ढहने का खतरा है और आस–पास के लोगों ने इस बारे में शिकायत की है। इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों को भी काफी खतरा है। सभी यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए सहायक आयुक्त ने इस संबंध में अट्ठारह अक्तूबर तक एक पूर्ण रिपोर्ट तैयार कर व्यापक कार्य परियोजना सौंपने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से आज मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्नेह भवन में रहने वाले लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। बुजुर्ग और दिव्यांगजन  जो अस्पताल जाने में असमर्थ हैं, उनके लिए यह सेवा उपलब्ध कराई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच एम सिद्धाराजु ने इस शिविर का आयोजन किया और रक्त के नमूने एकत्र किए गए।

<><><><><><><>